प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय के प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के विद्यार्थियों का नामी कम्पनी में चयन

पंतनगर 17 मई 2022। विश्वविद्यालय के प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में अध्यनरत 15 विद्यार्थियों का चयन मै. सुजुकी मोटर गुजरात प्रा. लि., मेहसाणा कम्पनी में हुआ है। मै. सुजुकी मोटर गुजरात प्रा.लि. द्वारा इस वर्ष प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के मैकेनिकल इंजीनियरिंग, आई.टी. एवं प्रोडक्शन इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों के लिए सेवायोजन हेतु 15 विद्यार्थियों का ऑनलाइन साक्षात्कार किया गया जिसमें 15 विद्यार्थियों का चयन किया गया। चयनित विद्यार्थियों का पैकेज 5.75 से 6.20 लाख प्रति वर्ष देय होगा। इस अवसर पर प्रौद्योगिकी महाविद्यालय की अधिष्ठात्री, डा. अलकनन्दा अशोक ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के प्रशिक्षण एवं सेवायोजन प्रकोष्ठ के प्राध्यापक, डा. डी.एस. मूर्ति ने चयनित विद्यार्थियों को बधाईयां दीं। विश्वविद्यालय के कुलपति, डा. ए.के. शुक्ला ने भी चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।